प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19.01.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 में अपनी भागीदारी शुरू की है। पहले दिन टाटा स्टील और टेक महिंद्रा जैसी वैश्विक संस्थाओं के साथ निवेश, नवाचार और विजन 2050 पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य राज्य में औद्योगिक विकास, डिजिटल परिवर्तन और टिकाऊ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है।

****

रांची के धुर्वा स्थित प्रोजेक्ट भवन में आज भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जेम एक्सीलेंस इवेंट का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेम के सीइओ मिहिर कुमार ने सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और कुशलता बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में वाणिज्यिक कर विभाग के सचिव अमित कुमार ने सरकारी खरीद प्रणाली में डेटा एनालिटिक्स और टेक्नोलॉजी के उपयोग से पारदर्शिता बढ़ाने पर जोर दिया।

****

पाकुड़ में सामाजिक कुरीतियों जैसे बाल विवाह, भ्रूण हत्या, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा और मानव तस्करी के समूल खात्मे के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन समेकित जनजाति विकास अभिकरण के निदेशक अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन और राज्य स्तरीय कंसल्टेंट अरुधंति भट्टाचार्य ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर इन कुरीतियों के पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया।

****

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षादृ2025 के द्वितीय पत्र की परीक्षा आज से शुरु हो गयी है। यह परीक्षा 22 जनवरी तक दो पालियों में आयोजित की जा रही है।

****

रांची के ओरमांझी से 22 नवंबर को लापता 11 वर्षीय कन्हैया कुमार को कोडरमा पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। भटककर ननिहाल हाजीपुर पहुंचा कन्हैया वापसी में बस चालक द्वारा कोडरमा में उतार दिया गया था। मामले की जानकारी देते हुए डीएसपी रतीभान सिंह ने बताया कि स्थानीय नागरिक की मदद और पुलिस समन्वय से बच्चा अब सुरक्षित अपने परिजनों के पास है।

****

रांची के पंडरा में 17 जनवरी की रात वर्चस्व की जंग में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने मुख्य आरोपी संजय पांडे सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। घायलों का इलाज जारी है।

****

गिरिडीह के श्रीरामपुर में कर्ज से परेशान महिला और उसकी 16 वर्षीय बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने परिवार को बताए बिना समूह से 5 लाख का ऋण लिया था, जिसकी किस्तें न चुका पाने के कारण वह मानसिक तनाव में थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

****

राज्य में शीतलहर का असर कम होने लगा है और धूप खिलने से तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। अधिकतम पारा 30 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

*******समाप्त*******